दिनांक 06.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

200 से अधिक दुकानदारों पर कार्यवाही कर हटाये सड़क पर कब्जे वसुले 22 हजार रुपये

भिलाईनगर/ जिला प्रशासन के आदेश पर यातायात पुलिस एवं नगर निगम भिलाई द्वारा चलाया गया संयुक्त अभियान आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने पावर हाउस नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सब्जी मण्डी के समीप फल व्यवसासियों द्वारा निगम द्वारा आबंटित दुकानों से अतिरिक्त रोड की जगह पर पसरा पसारकर व्यवसाय कर रहें थे जिससे आवागमन पुरी तरह प्रभावित हो रहा था।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सब्जी मण्डी पावर हाउस द्वारा लगाये गये प्रवेश द्वार से लेकर मछली, मटन मार्केट तक सभी लगभग 200 दुकानों से अवैध कब्जा रोड का हटवाया गया। जो व्यापारी दुकान से अतिरिक्त टीन सेट एवं चबुतरा निर्माण कर कब्जा किये थे उन्हे 3 दिन का समय दिया गया है । व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि निगम का यह अच्छा कार्य है हमसब चाहते थे कि एक बार कार्यवाही हो । आम नागरिकों ने सराहा कि यह कार्यवाही प्रत्येक माह में करते रहना चाहिए एक व्यापारी शुरु में आगे दुकान बढ़ाता है उसी को देखकर सभी व्यापारी आगे बढ़ाने लगते है अंत में सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। निगम भिलाई एवं यातायात पुलिस बल द्वारा सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, लिंक रोड में गश्त करके सभी दुकानदारों से अपील की है कि जो भी दुकानदार अपने आबंटित दुकान से अतिरिक्त सड़क पर पसरा पसारकर व्यवसाय कर रहें है वे हटा लेवें कल 7 जुलाई को सड़क पर लगी दुकानों पर कार्यवाही की जायेगी इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी दुकानदार की होगी। निगम द्वारा अर्थदण्ड भी वसुला जावेगा। 40 व्यापारियों के उपर चालानी कार्यवाही करते हुए 22 हजार रुपये का अर्थदण्ड वसुला गया। मना करने के बाद भी ये लोग अपनी दुकानें पीछे नहीं कर रहे थे। जिन प्रतिष्ठानों को पूर्व में हिदायत व नोटिस दी गई है वे व्यवस्था में सहयोग करें नही तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सभी का सहयोग अपेक्षित है। आयुक्त के0एल0 चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पर समान रुप से कार्यवाही हो। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखना सबका दायित्व है। कार्यवाही में यातायात पुलिस बल से ट्रैफिक डी. एस.पी. संतोष ठाकुर, उपनिरीक्षक ट्रैफिक श्रीराम सहाय राजपुत यातायात दल बल महिला आरक्षक के साथ एवं निगम भिलाई से प्रभारी राजस्व अधिकारी परमेश्वर चन्द्राकर, तोड़फोड़ दल दस्ता प्रभारी प्रकाश अग्रवाल, भाउराव वैद्य, रामायण सिंह, अजय शुक्ला, अपने दल के साथ आज की कार्यवाही में उपस्थित रहकर कार्यवाही की।

जनसम्पर्क अधिकारी